<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–26 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश भर में कल सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सौंवी जयंती। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया अटल जी के व्यक्तित्व और कृत्तिव का स्मरण।
- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने जारी की पीसीएस दो हजार चौबीस प्रारंम्भिक परीक्षा की उत्तर कुंजी। बाइस दिसंबर को हुई थी परीक्षा।
- महाकुंभ को देखते हुए प्रयागराज में मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पहली बार अंडर वॉटर ड्रोन की तैनाती।
- सभी पुलिस थानों और कार्यालयों में ई–ऑफिस प्रणाली लागू करने वाला प्रदेश का पहला जिला बना कन्नौज।

**********

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौंवी जयंती कल प्रदेशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर लखनऊ के लोक भवन में आयोजित समारोह में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वर्गीय अटल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित काव्य पाठ, निबंध लेखन और वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी ने सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आजीवन काम किया।

***स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जी के प्रति हृदय से श्रद्धा की अभिव्यक्ति करता हूँ श्रद्धांजलि सामान्य से बोला जाता है लेकिन मैं श्रद्धा की अभिव्यक्ति करता हूँ और आज उनके जन्मदिवस को जैसा मैंने बतलाया की सुशासन दिवस के रूप में सारे देश में मनाया जा रहा है। सुशासन का अर्थ ये होता है की हर व्यक्ति के अंदर एक अनुकूल संवेदना हो पैदा हो गवर्नेंस के कारण अनुकूल संवेदना क्या माने अपने को भयमुक्त महसूस करे उसके जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएं पूरी हो सके और जो कुछ भी करना चाहता है उसे करने का उसे अवसर प्राप्त हो यही ना सुशासन है।***

समारोह में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिये जो नींव अटल जी ने रखी थी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उस पर नये भारत का निर्माण हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में उन्नीस दिसम्बर से चौबीस दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का भी आयोजन हुआ।

***सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शासन के जो विभिन्न विभाग उसमें भागीदार बने थे। उसमें दो लाख उनसठ हजार से अधिक लोग शिकायतें थी, उनका निस्तारण अकेले उत्तर प्रदेश में हुआ जो देश के अंदर नंबर एक पर रहा है। सभी देश के अन्दर उत्तर प्रदेश इस अवसर पर सोलह हजार दो सौ तेईस कार्यशालाओं का आयोजन अकेले उत्तर प्रदेश ने किया है। कार्यशालाओं का आयोजन अकेले उत्तर प्रदेश ने किया है।***

सुशासन दिवस पर प्रदेश भर में समारोह आयोजित कर के अटल जी को याद किया गया।

**********

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार ने कल पचीस दिसंबर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वातानुकूलित शताब्दी बसों के किराए में बीस फीसदी की कमी करने का आदेश लागू कर दिया है। यह छूट फरवरी–दो हजार पचीस तक प्रभावी रहेगी।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बाइस दिसंबर को आयोजित पीसीएस दो हजार चौबीस प्रारंम्भिक परीक्षा की उत्तर कुंजी कल जारी कर दी है। आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गयी उत्तर कुंजी तीस दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पाण्डेय के मुताबिक अभ्यर्थी प्रश्न पत्र की बारकोड संख्या के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। उत्तर कुंजी में प्रश्नों के नीचे सही उत्तर को हाईलाईट और अंडरलाइन किया गया है।

**********

एक जनवरी से वाहनों की प्रदूषण जांच महंगी हो जायेगी। सभी तरह के वाहनों की प्रदूषण जांच के शुल्क में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जा रही है। नई दरों का आदेश अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी की ओर से जारी कर दिया गया है। यह आदेश एक जनवरी दो हजार पचीस से लागू हो जायेगा।

**********

संभल के चंदौसी में ऐतिहासिक सीढ़ी वाले कुएं के सर्वे के लिए भारतीय पूरातत्व सर्वेक्षण–एएसआई की टीम कल चंदौसी पहुंची। टीम ने चार घंटे तक कुएं को देखा और उसके ऊपर तथा अंदर वीडियोग्राफी कराई। इसके बाद एएसआई की टीम ने संभल में फिरोजपुर किला और नैमिषारण्य तीर्थ पर कुएं का भी सर्वे किया।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ दो हजार पचीस को देखते हुए मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। महाकुंभ मेला क्षेत्र, प्रयागराज और आस पास के जिलों में भी खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के मुताबिक महाकुंभ मेला क्षेत्र में तीन स्तरीय जांच के बाद ही लोगों को प्रवेश मिलेगा।

**********

प्रयागराज महाकुम्भ में इस बार पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अंडर वॉटर ड्रोन तैनात किया गया है जो चौबीस घंटे पानी के भीतर हर गतिविधि की निगरानी करने में सक्षम है। यह अंडर वॉटर ड्रोन अंधेरे में भी लक्ष्य पर सटीक नजर रखने में कारगर हथियार साबित होगा। यह पानी के नीचे सौ मीटर गहराई तक टोह लेने में सक्षम है। प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पूर्वी जोन प्रयागराज डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र ने कल अंडर वॉटर ड्रोन को लाच किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में करोड़ो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतेजाम किये जा रहे हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मध्य प्रदेश के खजुराहों में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखी। इससे प्रदेश के बुन्देलखंड के सूखा प्रभावित महोबा, झांसी और ललितपुर सहित आसपास के जिलों के लोगों को फायदा होगा। एक रिपोर्ट.....

***अब तक नदियों से वंचित महोबा जिले को इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। योजना के तहत केन–बेतवा मुख्य नहर से दो अलग–अलग चैनल बनाए जाएंगे, जिनके माध्यम से महोबा जिले के विभिन्न जलाशयों तक पानी पहुंचाया जाएगा। पहला चौनल उर्मिल बांध और सलारपुर बांध के जरिए मदन सागर, कीरत सागर, बीजानगर तालाब और दिसरपुरा तक पानी पहुंचाएगा।वहीं दूसरा चैनल मझगांव डैम के माध्यम से बेलासागर, कुलपहाड़, कमालपुरा और रैपुरा तालाब को जल उपलब्ध कराएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल सिंचाई क्षेत्र में सुधार होगा, बल्कि पीने के पानी की समस्या भी दूर होगी। तारा पाटकार ने कहा कि केन–बेतवा लिंक परियोजना न केवल बुंदेलखंड को जल संकट से राहत देगी, बल्कि इस क्षेत्र की कृषि और आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखे एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि केन–बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान परिवारों को सिचाई और पेयजल की सुविधा मिलेगी तथा हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा।

**********

पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल मेरठ जिले के पांचली खुर्द स्थित धन सिंह कोतवाल स्मारक पर पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जा रही आर्ट गैलरी के भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद पर्यटन मंत्री ने  ग्राम भमौरी स्थित शहीद स्मारक पर पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जाने वाले संग्रहालय और शहीद स्थल के सौन्दर्यीकरण की योजना का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा मेरठ मंडल में करीब दो सौ चौंतीस करोड रूपये की विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर सहित कई जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश में कन्नौज ऐसा पहला जिला बन गया है जहां अब सभी पुलिस थानों और कार्यालयों में ई–ऑफिस प्रणाली लागू की गयी है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल वर्चुअल माध्यम से इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ई–ऑफिस प्रणाली का उद्देश्य पुलिस विभाग की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक और दक्ष बनाना है।

**********

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से प्रदेश के मौसम में काफी बदलाव हुआ है। मौसम विभाग के लखनऊ आंचलिक केन्द्र ने अगले दो दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश होने और ओले गिरने तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में घने कोहरे का अनुमान जताया है।

**********